# दिव्यांगजन विकास की मुख्यधारा से जुड़ें : उइके

## दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय सामर्थ्य प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व दिव्यांग दिवस पर होटल नर्मदा इन में आयोजित कार्यक्रम में मण्प्रण् शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने सहभागिता की।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। दिव्यांगजन शारीरिक कमजोरी को भूलकर विकास की मुख्य धारा से जुड़ें। दिव्यांगजन हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अन्य लोगों के लिए उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सरकारी नोकरी में आरक्षण की सुविधा देती है। आगामी समय में दिव्यांग सम्मेलनध्युवक युवती सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं लेप्रा सोसायटी मण्डला द्वारा दिव्यांगजनों के लिए खेल कूद सामर्थ प्रदर्शन एवं रोजगार मेला का आयोजन भी किया गया।



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शिक्षकों से आव्हान किया कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए एक अभिभावक के रूप में सहभागी बनें। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने विभिन्न खेलए रंगोली तथा चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कार प्रदान किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहाए सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमटए उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री रोहित बड़कुल सहित संबंधित उपस्थित थे।

**खेलकूदए रंगोली और कला प्रतियोगिता का आयोजन–** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 168 दिव्यांगजनों ने सहभागिता करते हुए रस्सी खीचए नीबू दौड़ए कुर्सी दोड़ए रंगोली इत्यादि गतिविधियों में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये। लेप्रा सोसायटी मण्डला द्वारा आयोजित रोजगार मेले में आये 22 एमएसएमई द्वारा रोजगार के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया।

## गरनेह पुलिस ने दो बालिकाओं को किया दस्तयाब



**रनेह, देशबन्धु।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्रुत्कीर्ति सोमवंशी द्वारा लगातार अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संदीप मिश्रा व एसडीओपी महोदय प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन में थाना प्रभारी रनेह उप निरीक्षक चंदन सिंह के नेतृत्व में थाना रनेह की टीम द्वारा दो अलग–अलग मामलों में नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब किया गया है। अपराध क्रमांक 13/24 धारा 363 द्बश्चष् की अपहृता को जयपुर राजस्थान से एवं अपराध क्रमांक 75/24 धारा 363 द्बश्चष् की अपहृता को ग्राम रनेह से पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब किया गया जिनसे पूछताछ कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है उक्त दस्त्याबी में उप निरीक्षक चंदन सिंह निरंजन, सहायक उप निरीक्षक नंद गोपाल मिश्रा , प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह लोधी, आरक्षक धर्मेंद्र, हर्षवर्धन, आरक्षक नरेंद्र प्रजापति, ॠषिराज चौहान, महिला आरक्षक नेहा ठाकुर, व साइबर सेल की टीम प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन एवं राकेश अठया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सार-समाचार

## कलेक्टर की उपस्थिति में पंचचौकी महाआरती संपन्न



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की उपस्थिति में मंगलवार को माँ नर्मदा नदी के माहिष्मती घाट में पंचचौकी महा आरती संपन्न हुई। पंचचौकी महा आरती का आयोजन अमृता चौक, रेवा चौक, नर्मदा चौक, शांकरी चौक और मेकलसुता चौक में संपन्न हुआ। माहिष्मती घाट में आयोजित पंचचौकी महा आरती के पश्चात नर्मदा नदी में दीपदान किया गया। महा आरती के समापन के बाद कार्यक्रम स्थल में प्रसादी का वितरण किया गया। पंचचौकी महाआरती में डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, तहसीलदार बम्हनी हिमांशु भलावी सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकारगण और श्रद्धालु उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**मंडला, देशबन्धु।** विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई। दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता में समर्थ प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर रंगोली, मेहंदी, ड्राइंग, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, 100 मीटर, 50 मीटर की दौड़, जलेबी दौड़, नींबू दौड़ आदि गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान एपीसी कृष्णा उपाध्याय सहित संबंधित उपस्थित थे।

## जिले के लिए नियुक्त रोल प्रेक्षक का द्वितीय भ्रमण पांच दिसंबर को

**मंडला, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2025 के अंतर्गत जिले के लिए नियुक्त रोल प्रेक्षक–कमिश्नर जबलपुर अभय वर्मा का द्वितीय भ्रमण 5 दिसंबर को होगा। रोल प्रेक्षक द्वारा जिला योजना भवन मण्डला के सभाकक्ष में अपरान्ह 2 बजे से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, स्वीप इंचार्ज एवं कैम्पस एम्बेसडर की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में द्वितीय चेकलिस्ट तथा प्राप्त दावे–आपत्तियों के निराकरण की समीक्षा की जावेगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15 दिवस एवं 7 दिवस से अधिक अवधि से लंबित फार्मों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करते हुए बैठक में अपनी विधानसभा क्षेत्र की अद्यतन जानकारी सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने बिखेरे कला के रंग

**मंडला, देशबन्धु।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत सभागार में दिव्यांगजनों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट की आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस आयोजन में जिले के एक से बारहवी तक के दिव्यांग विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने सामूहिक एकल एवं सामूहिक नृत्य, गायन, वंदन तथा भाषण की प्रस्तुति दी। पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे दिव्यांगजनों के प्रोत्साहन करने के लिए मील का पत्थर बताया। ऐसे आयोजनों से दिव्यांगजनों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा छिपी प्रतिभाएं सामने आती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीआरसी मंडला अनादी वर्मा, रामसागर प्रजापति, संतोष झारिया, एपीसी संदीप सोनी, एमआरसी सहित जनशिक्षक उपस्थित थे।

## अजब गजब सेल्फी अभियान का आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से अजब गजब सेल्फी अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

यह अभियान मंडला जिले के 216 विद्यालयों में 2 एवं 3 दिसंबर 2024 को संचालित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में 21वीं सदी के कौशल रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, सहयोग और संवाद क्षमता का विकास करना था, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें। अभियान के दौरान छात्रों ने अपनी अनूठी सेल्फी तैयार कर अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त किया। साथ ही, कहानी और कविता लेखन गतिविधियों के माध्यम से दिए गए शब्दों पर आधारित रचनाएँ प्रस्तुत की, जो उनकी सृजनात्मकता और विचारशीलता को उजागर करती हैं। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 30 नवंबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी मण्डला श्रीमती मुन्नी वरकड़े एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा (सेकेण्डरी एजुकेशन) श्री लालसाय मसराम द्वारा एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कर अभियान के उद्देश्यों और महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर श्री इमरान अहमद ने किया। गांधी फेलो श्री प्रवीण देशमुख ने प्राचार्यों और शिक्षकों को अभियान से संबंधित गतिविधियों पर प्रभावी प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक एवं सहायक संचालक (शिक्षा) ने अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को इसके सफल क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## तम्बाखू के उपयोग पर नियंत्रण के लिए अभियान

**मंडला, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर केसी सरोते के द्वारा जानकारी दी गई कि सिगरेट एवं अन्य तम्बाखू उत्पादों के उपयोग पर नियत्रंण लगाने हेतु जिले में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जावेगी।

कोटपा एक्ट के तहत जिले में टीम गठित की गई है। स्वास्थ्य विभाग से दंत चिकित्सक राष्ट्रीय तम्बाखू नियंत्रण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी रहेंगे। उपनिरीक्षक पुलिस विभाग खाद्य एवं औषधि निरीक्षक, उपसंचालक स्कूल शिक्षा विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत की टीम गठित की गई। टीम का मुख्य उद्देश्य सभी शैक्षणिक संस्थानों से 100 गज की दूरी के दायरे में तम्बाखू उत्पादों को बेचा नहीं जायेगा और कोई प्रचार सामग्री प्रदर्शित नहीं की जावेगी। अस्पताल, सार्वजनिक स्थानों जैसे रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, मंदिर, धर्मशालायें, हाट बाजार, मेला स्थलों में तम्बाखू उत्पादों के उपयोग प्रचार पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा एवं उल्लंघन करने वाले नागरिकों या व्यवसायी पर कोटपा एक्ट के तहत जुर्माना लगाया जायेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में नशीले पदार्थों का सेवन एवं व्यसन युक्त तम्बाखू, गुटखा का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। इसी क्रम में चिन्हित व्यक्तियों पर कोटपा एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में गठित टीम के साथ जिले में तम्बाखू नियंत्रण/रोकथाम के लिए सार्वजनिक स्थानों पर कार्यवाही की जाएगी। इसी कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय परिसर गठित टीम डॉ. रानी मरावी राष्ट्रीय तम्बाखू नियंत्रण नोडल अधिकारी, डॉ. प्रशांत दुबे, दंत चिकित्सक, डॉ. शिवम पटैल दंत चिकित्सक, श्री अंकित मांझी सुपरवाइजर, कन्हैया बरमैया गार्ड एवं महिला गार्ड, श्री कृष्ण कुमार शुक्ला पुलिस चौकी मंडला।

इनके द्वारा जिला चिकित्सालय में छापा मारकर 4 हजार रूपये तक की चालानी कार्यवाही की गई। अधिनियम के अंतर्गत धारा–4 में सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध है। धारा–5 में तम्बाखू उत्पाद के प्रचार–प्रसार हेतु विज्ञापन उनके द्वारा प्रायोजन एवं प्रोत्साहन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निषेध है। धारा–6 में 18 वर्ष से कम आयु के अवस्यक व्यक्तियों के द्वारा तम्बाखू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है तथा धारा–7 में तम्बाखू उत्पादों पर चित्रमय स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित करना अनिवार्य है।

## लैंगिग समानता पर कार्यक्रम आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** प्रशासक वन स्टॉप सेंटर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मूल शाला जिला मण्डला में जेन्डर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हम होंगे कामयाब कार्यक्रम कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिले में सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी रोहित बड़कुल के मार्गदर्शन में जिला एवं परियोजना स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा समुदाय में लैंगिक समानता, गुड टच–बेड टच, महिलाओं और लड़कियों का सम्मान एवं सुरक्षा आदि हेतु कार्यक्रम संपन्न किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग, गृह (पुलिस) विभाग, शिक्षा विभाग द्वारा सहभागिता दिखाई गई। छात्र/छात्राओं एवं उपस्थितजनों से संवाद का आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों के साथ–साथ पालकों की भागीदारी भी अपेक्षित रही। परियोजना स्तर पर भी शैक्षणिक संस्थानों में पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग मण्डला मधु मरावी द्वारा बालक/बालिकाओं को गुड टच- बेड टच, 100 डायल, बालकों का यौन संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) के बारे में बताया एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों की सुरक्षा को लेकर यदि कोई समस्या सामने आती है तो उससे किस प्रकार निपटना है यह भी बताया गया। किसी भी प्रकार का नशा करना भी अपराध है, ऐसे सभी नशा जैसे गुटखा खैनी सिगरेट, बीड़ी, शराब, बोन फिक्स सूंघना, स्मैक, चरस, गांजा आदि नशा करने वाले लोगों की जानकरी देवें और उनसे स्वयं भी सुरक्षित रहें।

इस प्रकार विभिन्न विभागों के सहयोग से लोगों तक महिलाओं और लड़कियों का सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने में ये कार्यशाला महत्वपूर्ण रही। उक्त कार्यशाला में वन स्टॉप सेंटर से साक्षी पटवा केसवर्कर, हरिशंकर, आरती वरकड़े बहुउद्देशीय कार्यकर्ता स्कूल की शिक्षिका लियाकत आरा (यू.डी.टी.), आर.एस. पाण्डेय (यू.डी.टी.), मगन लाल पन्द्रों सहायक उप निरीक्षक उपस्थित रहे।

## 13 पंचायतों में आज लगेंगे आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशन में 4 दिसंबर 2024 दिन बुधवार को 13 ग्राम पंचायतों में 'आरोग्यम मण्डला' जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आमजन को ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 दिसंबर को 13 विकासखंडों के चिन्हित ग्राम पंचायतों में आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड मंडला में ग्राम पंचायत सिलपुरा, जंतीपुर और पुरवा में शिविर लगाए जाएंगे। विकासखंड नैनपुर में ग्राम चीचगांव, छतरवाड़ा और पाठासिहोरा, विकासखंड बिछिया में ग्राम पंचायत नकावल, डुंगरिया और नारा, विकासखंड घुघरी में ग्राम पंचायत चुरिया और सलवाह, विकासखंड मवई में ग्राम पंचायत टिकरिया और कालमगहन में शिविर लगाए जाएंगे।

## निजी अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के इमलाई गांव निवासी 38 वर्षीय ज्योति रजक की सोमवार सुबह शहर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। वे आरोप लगा रहे हैं कि अस्पताल में इलाज में कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया, जिससे उनकी मां की जान चली गई।

ज्योति के बेटे नीलेश ने बताया कि रविवार को उनकी मां का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ गया था। इस पर परिवार ने उन्हें मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं थे और नर्स स्टाफ ने इलाज किया। ब्लड रिपोर्ट में इंफेक्शन पाया गया था, लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर के मार्गदर्शन के बिना इलाज चलता रहा। सोमवार सुबह उनकी मां की मौत हो गई। नीलेश का कहना था कि अस्पताल की लापरवाही के कारण उनकी मां की जान गई और वे आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। घटना के बाद कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और स्टाफ से मामले की जानकारी ली। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए हैं और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार एक की मौत




घटना स्थल पर खड़ी कार।

**दमोह, बटियागढ़, देशबन्धु।** जिले के बटियागढ़ थाना अंतर्गत दमोह–छतरपुर मार्ग पर सोमवार रात शराब दुकान के कर्मचारियों की कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज बटियागढ़ अस्पताल में चल रहा है। वहीं, मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने उसे परिजनों को सौंप दिया है।

जनकारी के अनुसार, घटना भटेरा गांव के पास हुई। तेज रफ्तार कार का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार सवार दमोह से एक शादी समारोह में शामिल होकर बटियागढ़ लौट रहे थे। हादसे में टीकमगढ़ के खरगापुर निवासी कार चालक चंद्रपाल राय (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा युवक रूपेश राय गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

बटियागढ़ थाना के एएसआई शेष कुमार दुबे ने बताया कि मृतक चंद्रपाल राय खरगापुर का रहने वाला था। वह रात में दमोह से एक शादी समारोह में शामिल होकर बटियागढ़ लौट रहा था। उसके साथ उसका साथी रूपेश भी मौजूद था। भटेरा गांव के पास पुल क्रॉस करते समय कार का टायर फट गया और वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया।

मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। एएसआई ने बताया कि घायल और मृतक दोनों बटियागढ़ क्षेत्र की शराब दुकानों में काम करते थे। हादसे में कार की रफ्तार काफी तेज रही होगी, क्योंकि टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

## भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर शासकीय महाविद्यालय में आयोजन

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** मंगलवार को शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर कार्यक्रम का आयोजन दिनेश कुमार चित्रीव ( प्रभारी प्राचार्य ) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. रेखा पटेल ( इतिहास ) ने किया। भोपाल गैस त्रासदी की बरसी कार्यक्रम में परिचर्चा करने के लिए अनिल कुमार परते एवं सुखदेव सिंह वरकड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। सुखदेव सिंहवरकडे के द्वारा भोपाल गैस त्रासदी के प्रमुख कारण एवं इस त्रासदी के परिणाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्र छात्राओं को प्रदान की एवं अनिल परते के द्वारा भोपाल गैस त्रासदी को मानवीय समुदाय और उसके पर्यावरण को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली औद्योगिक दुर्घटनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्र छात्राओं को दी गई। तत्पश्चात भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित बनी लघु फिल्म का प्रदर्शन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर भावना बाबरा डॉ राखी वंशकार ,ओमप्रकाश झरिया, डॉ अशोक बघेल, सुनील अहिरवार एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

